लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **शिवांगी स्वर्णकार,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/69/2019 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 05.08.2019

श्री रूपलाल पिता हरलाल अहीर निवासी मोरवन तहसील डूंगला, वाया भादसोड़ा

**बनाम**

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

## निर्णय

दिनांक **27.08.2019**

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 02.07.2019 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 69/2019/(27.08)/332 दिनांक 07.08.2019 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला को दिनांक 27.08.2019 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 27.08.2019 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उसे सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला द्वारा आदिनांक तक कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई है। अतः वांछित सूचना दिलाने का आदेश प्रदान करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

| प्रकरण संख्या 69 / 2019 (सू.अ.) |
|---|
| श्री रूपलाल अहीर निवासी मोरवन तहसील डूंगला बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला |

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत नहीं किये।

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 02.07.2019 से बिन्दु संख्या 7 ए से एच बिन्दुओं तक राजस्व ग्राम गाडरियावास पटवार हल्का मोरवन तहसील डूंगला की आराजी संख्या 1062, 2283, 2436/1008, 2572/2285, 2581/2285 का अमरसिंह पिता प्रभूलाल व अरविन्द पिता प्रभूलाल के नाम खोले गये नामान्तरण संबंधी सूचना/प्रमाणित प्रतिलिपियां चाही गई, जो उसे उपलब्ध नहीं कराना खेदजनक है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला को अपीलार्थी को 15 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जाते हैं।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official

(शिवांगी स्वर्णकार)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
चित्तौडगढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./69/2019(सू.अ.)/398 दिनांकः–03/09/2019

प्रतिलिपिः–

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला
2. श्री रूपलाल अहीर पिता श्री हरलाल अहीर निवासी मोरवन, तहसील डूंगला, वाया भादसोडा, जिला–चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
चित्तौडगढ़ (राज.)